# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID - TERM EXAMINATION 2025-26 | | |
|---|---|---|
| Class: X | Subject: Hindi Course B (Code-85) | Maximum Marks: 80 |
| Date: 14/09/2025 | SET - 1 | Time: 3 Hours |

सामान्य निर्देश:-

*इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।

*खंड 'क' में अपठित गद्यांश के प्रश्न उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।

*खंड-ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं । आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

*खंड-ग-पाठ्य पुस्तक पर आधारित है ।

*खंड-घ-रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

*प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

*यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

## खण्ड – क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।** 7

अनुभवी व्यक्तियों का कहना है, लक्ष्य चुनना ही काफी नहीं होता, बल्कि उसे जितनी जल्दी चुना जाए, उतना ही बेहतर है। कई बड़े काबिल लोग लक्ष्य चुनने में इतनी देर कर देते हैं कि उसे हासिल करने के लिए जीवन में समय ही नहीं बचता। इसीलिए स्कूली स्तर पर ही भाषा, गणित, विज्ञान समेत सभी विषयों के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य-संगीत जैसी विधाओं को भी पाठ्यक्रमों से जोड़ा जाता है, ताकि कच्ची उम्र से ही बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में आगे बढ़ सकें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अपने शौक को लक्ष्य और फिर पेशे के रूप में चुनने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है, क्योंकि इन्हें हासिल करने में इंसान अपना दिल, दिमाग और ताकत लगा देता है। लक्ष्य निर्धारण में देरी का अर्थ ही दूसरों से पिछड़ना है। आमतौर पर बच्चे कहते हैं कि मैं बड़ा होकर डॉक्टर, इंजीनियर या आई०ए०एस० बनूँगा, लेकिन इससे आगे बढ़ने का प्रयास नहीं करते। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने तो किशोरावस्था में ही गायिका बनने का प्रयास शुरू कर दिया था और इतिहास रच दिया। तय है, लक्ष्य के साथ जीना सीखने वाले मुड़कर नहीं देखते। कई सारे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि सफलता का बड़ा हिस्सा लक्ष्य निर्धारण में जल्दी या देरी पर टिका है। महज आठ वर्ष की आयु में अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने तैराकी में ओलिम्पिक पदक जीतने का लक्ष्य साधा और आगे चलकर तेईस स्वर्ण समेत कुल अट्ठाईस पदक जीतकर ओलिम्पिक रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिवाजी महाराज ने कहा था 'एक छोटा कदम लक्ष्य निर्धारण की ओर बाद में संपूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।' इसलिए सोच-विचार में समय गँवाने के बजाय लक्ष्य चुनिए और उड़ान भरना शुरू कीजिए।

❖ बहुविकल्पीय प्रश्न

(i) अनुभवी व्यक्तियों का लक्ष्य चयन के विषय में क्या मत है? 1

(क) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए

(ख) लक्ष्य निर्धारण करने में बड़ों की सलाह लेनी चाहिए

(ग) लक्ष्य निर्धारण करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए

(घ) लक्ष्य-निर्धारण आर्थिक लाभ को देखकर किया जाना चाहिए

(ii) स्कूली स्तर पर विभिन्न विषयों के साथ अन्य विधाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा क्यों बनाया जाता है? 1

(क) बच्चों के दिमाग को कुछ समय आराम मिल सके

(ख) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें

(ग) बच्चों को अन्य विधाओं की जानकारी मिल सके

(घ) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी हो सके

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 1

कथन (A): अपने शौक को लक्ष्य और पेशा बनाने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

कथन (R): एक छोटा कदम लक्ष्य निर्धारण की ओर बाद में संपूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

❖ **लघूत्तरात्मक एवं अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न**

(iv) गद्यांश में लेखक ने प्रसिद्ध व्यक्तियों के उदाहरण क्यों दिए हैं? 2

(v) गद्यांश में प्रयुक्त 'उड़ान भरना' का क्या अर्थ है? 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें:** 7

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है। जिसके जैसे संस्कार होंगे, वैसी उसकी भाषा होगी। जब कोई आदमी भाषा बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं। यही कारण है कि भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत गुरुतर और चुनौतीपूर्ण है। परंपरागत रूप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशलों- बोलना, पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गई है। केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती-जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते हैं। सोचना और महसूस करना दो ऐसे कारक है, जिनमें भाषा सही आकार पाती है। इनके बिना भाषा, भाषा नहीं है, इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती, इनके बिना भाषा युगों-युगों का लंबा सफर तय नहीं कर सकती, इनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की धड़कन नहीं बन सकती। केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है। दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत नहीं हो सकती।

भाषा हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्व पूर्ण साधन है। भाषा के बिना मनुष्य पूर्ण नहीं है। भाषा में ही हमारे भाव राज्य, संस्कार, प्रांतीयता झलकती है। इस झलक का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है। जिस व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य और मानसिकता जिस स्तर की होगी, उसकी भाषा के शब्द और मुख्यार्थ भी उसी स्तर के होंगे। साहित्यकार ऐसी भाषा को आधार बनाते हैं, जो उनके पाठकों एवं श्रोताओं की संवेदना के साथ एकाकार करने में समर्थ हो।

❖ **बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(i) आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है, क्योंकि-** 1

(क) मनुष्य की पूर्णता भाषा द्वारा ही संभव है।

(ख) व्यक्ति के मनोभाव भाषा से ही व्यक्त होती है।

(ग) भाषा का प्रचार और विकास कोई रोक नहीं सकता।

(घ) दर्द और मुस्कान के बिना भाषा जीवित नहीं हो सकती।

**(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 1

कथन (A): जब कोई आदमी बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं।

कारण (R): भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उसे कौशलों का विकास करना होता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(iii) गद्यांश में साहित्यकार द्वारा किए गए कार्य का उल्लेख इनमें से कौन-से विकल्प से ज्ञात होता है-** 1

(क) साहित्य समाज का दर्पण है।

(ख) साहित्यकार साहित्य सृजन में व्यस्त रहता है।

(ग) साहित्यकार सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान बनाता है।

(घ) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है।

❖ **लघूत्तरात्मक एवं अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न**

(iv) 'दर्द और मुसकान के बिना भाषा जीवंत नहीं हो सकती।' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

(v) भाषा कब सही आकार पाती है? वर्णन करें। 2

## खण्ड – ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न – 3 पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 4

(क) **'विशेषण पदबंध'** का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए ।

(ख) मोहन अब तक दिल्ली पहुँच चुका होगा । रेखांकित का पदबंध बताइए।

(ग) क्रिया विशेषण पदबंध का एक उदहारण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(घ) सच बोलने वाले छात्र सबके प्रिय होते हैं। रेखांकित में पदबंध की पहचान कीजिए।

(ङ) भाग्य का मारा मैं कहाँ आ गया!वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम पदबंध को चुनकर लिखिए।

**प्रश्न – 4 रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 4

(क) अध्यापक ने बताया कि कल छुट्टी रहेगी । (आश्रित उपवाक्य का भेद लिखिए)

(ख) आप दूध पिएँगे या छाछ । (वाक्य भेद लिखिए)

(ग) मैंने एक स्कूटी खरीदी जो बैटरी से चलती है। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए)

(घ) जो बात उनके जीवन में थी वही उनकी कविताओं में थी। (मुख्य उपवाक्य पहचानकर लिखिए)

(ङ) वह चाहता है कि वह दिल्ली आए – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिये ।

**प्रश्न- 5 समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 4

(क) पीला है अम्बर जिसका – समस्त पद बना कर समास का नाम लिखिए ।

(ख) 'यथाशक्ति' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का नाम लिखिए ।

(ग) ' नवग्रह ' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(घ) कर्मधारय समास के किसी एक उदाहरण का प्रयोग कीजिए ।

(ङ) 'जेबखर्च' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

**प्रश्न- 6 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 4

(क) शेर को सामने देख मेरे तो ------------- गए। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान को भरिए ।

(ख) 'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(ग) कल इसी चट्टान पर मैं तुम्हारी ---------------------- जरूर आना । उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान को भरिए ।

(घ) यह कार्य तुम्हारी क्षमता के बाहर है । वाक्य से सम्बंधित उचित मुहावरा लिखिए ।

(ङ) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' और ' अंधा चोट निशाना पड़ना ' मुहावरों का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड – ग

## {पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक}

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुन कर लिखिए ।** 5

सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहीं से चलीं। साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए। अब की बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गईं। पुलिस ने उनको पकड़कर लाल बाजार भेज दिया। स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थीं। उनको बहू बाजार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गईं। आस-पास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिस पर पुलिस बीच-बीच में लाठी चलाती थी।

**(क) सुभाष बाबू को गिरफ्तार कर कहाँ भेजा गया?**

(i) अंदमान (ii) निकोबार

(iii) काला पानी की सजा के लिए (iv) लाल बाजार लॉकअप में

**(ख) स्त्रियों का जुलूस कहाँ टूट गया?**

(i) लाल बाजार चौक पर (ii) धर्मतल्ले के मोड़ पर

(iii) हावड़ा चौक पर (iv) बहू बाजार में

**(ग) पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ कैसा व्यवहार किया?**

(i) दोस्ताना व्यवहार (ii) क्रूर व्यवहार

(iii) सद्भावनापूर्ण व्यवहार (iv) उपरोक्त सभी

**(घ) बहू बाजार मोड़ पर रोके गए जुलूस का नेतृत्व कौन कर रहा था?**

(i) जानकी देवी (ii) मदालसा (iii) विमल प्रतिभा (iv) सुभाषचंद्र बोस

**(ङ) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए:**

**कथन-** आस-पास बहुत भीड़ इकट्ठी हो गई ।

**कारण-** पुलिस बीच-बीच में लाठी चलाती थी ।

(i)कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(ii) कथन तथा कारण दोनों सही हैं ।

(iii) कथन गलत है तथा कारण सही है।

(iv) कथन सही है तथा कारण गलत है ।

**प्रश्न 8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:** 6

क. छोटे भाई के मन में बड़े भाई के प्रति श्रद्धा कब और क्यों उत्पन्न हुई ?

ख. बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं?

ग. तताँरा से मिलने के बाद वामीरो की मनःस्थिति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

घ. तताँरा के किस गुण से आप प्रभावित हैं और क्यों ? पाठ के आधार पर लिखिए ।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुन कर लिखिए:** 5

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा। वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

**(क) कवि ने सहानुभूति की तुलना किससे की है?**

(i) दया से (ii) परोपकार से (iii) खज़ाने से (iv) उदारता से

**(ख) धरती को कैसे वश में किया जा सकता है?**

(1) करूणा द्वारा (ii) सहानुभूति द्वारा (iii) उपरोक्त दोनों (iv) बल द्वारा

**(ग) विरुद्धवाद के प्रवर्तक कौन थे?**

(i) महावीर (ii) बुद्ध (iii) चरक (iv) गौतम

**(घ) कवि के अनुसार उदार कौन है?**

(i) जो अपकार करे

(ii) जो परोपकार करे

(iii) जो अपनी बुद्धि से जग जीते

(iv) जो अपने बल से पृथ्वी को वश में करे

**(ङ) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए:**

**कथन** – बुद्ध में दया और करुणा थी ।

**कारण** – सब उनकी दया और करुणा के आगे नतमस्तक हो गए ।

(i)कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(ii) कथन गलत तथा कारण सही है ।

(iii) कथन सही है तथा कारण गलत है।

(iv) कथन सही है तथा कारण उसकी सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न 10. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:** 6

(क)दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ख)मीरा श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त है । "मीरा के पद" के आधार पर बताइए ।

(ग) झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं? बहते हुए झरने की तुलना किससे की गई है?

(घ) 'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 11. पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए: 6

(क) यदि आपके आस-पास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेंगे?

(ख) पी टी सर की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

(ग) पुराने समय में पालकों का शिक्षा के प्रति दृष्टि कोणथा ?

## खण्ड – घ

प्रश्न 12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : 5

**(क) जीवन एक कला है**

**संकेत-बिंदु-** * भूमिका * जीवन की सार्थकता * जीवन का वास्तविक आनन्द * वर्तमान समय में बढ़ती भौतिकता व स्वार्थ प्रवृति *जीवन यापन की शैली *निष्कर्ष

**(ख) मेक इन इंडिया**

**संकेत-बिंदु-** * मेक इन इंडिया क्या है * क्यों आवश्यक * मेक इन इंडिया का देश पर प्रभाव * हमारी भूमिका

**(ग) जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान**

**संकेत-बिंदु-** *सूक्ति का अर्थ * कथन का स्पष्टीकरण * जीवन से सम्बन्ध * प्रासंगिकता

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लिखिए: 5

(क) आप राज / रजनी हैं। विद्यालय में 'योग क्लब' बनाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ख) अपने क्षेत्र के बगीचे में सोलार लाइटें लगवाने के सम्बन्ध में नगर निगम प्राधिकरण के सचिव को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए:

आपकी सोसाइटी में 'ओणम' के पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सोसाइटी के सचिव की ओर से कॉलोनी के निवासियों को एक सूचना तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

आप अपने विद्यालय में 'विद्यार्थी परिषद्' के सचिव हैं । विद्यालय में होने वाली 'हिंदी निबंध प्रतियोगिता' के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए-

(क) **'प्रदूषण मुक्त भारत'** के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा** 3

(ख) आपके क्षेत्र में **'सुभाष चन्द्र बोस मेमोरियल पुस्तकालय'** की स्थापना हुई है । इस बात को जन सामान्य तक पहुँचाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**प्रश्न 16. यह सुनते ही वह तेज़ी से मुड़ी और तेज. क़दमों से बाहर निकल गई ।'" पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में सार गर्भित लघु कथा लिखिए ।**

**अथवा** 5

**पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को एक ई-मेल लिखिए ।**

-------- ००० -------